राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

<u>राजभवन, पटना–800022</u>

<u>प्रेस–विज्ञप्ति</u>

संख्या– 109/2024

<u>राजभवन में तेलंगाना दिवस का आयोजन किया गया</u>

पटना, 02 जून, 2024 :– माननीय राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने राजभवन के दरबार हॉल में 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' के तहत आयोजित तेलंगाना के स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि हमारी भाषा, वेश–भूषा, रहन–सहन, खान–पान इत्यादि भले ही भिन्न हैं, लेकिन सांस्कृतिक और भावनात्मक रूप से हम सभी एक हैं और हमारा देश एक है। हमारी एकता का विचार हमारे हृदय में है। पूरा भारत एक है और हमें इस एकता को बनाए रखने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने कहा कि भारत के सभी राज्यों में अन्य प्रदेशों के लोग रहते हैं और वे धीरे–धीरे वहाँ की संस्कृति के साथ तादात्म्य स्थापित कर लेते हैं। वे आपस में घुल–मिलकर रहते हैं और जिस राज्य में रहते हैं वहाँ के आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास में योगदान देते हैं। यही हमारे देश की विशेषता है। दूसरे देशों में प्रायः ऐसा देखने को नहीं मिलता है।

उन्होंने भारत की सांस्कृतिक एकता का उल्लेख करते हुए कहा कि भगवान श्रीराम का जन्म अयोध्या में हुआ था परन्तु सम्पूर्ण भारत के लोग उनका नाम अलग–अलग ढंग से रखते हैं। यह 'राम तत्व' हमारी एकता का द्योतक है और हम सब को जोड़ने वाला है। एकता के इस तत्व को जागृत करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि आदि शंकराचार्य का देश के विभिन्न भागों में जाना एकता के भाव को दर्शाता है। उन्होंने चार मठों की स्थापना कर देश को सांस्कृतिक रूप से एकता के सूत्र में बांधने का प्रयत्न किया।

राज्यपाल ने कहा कि कश्मीर से कन्याकुमारी तक पूरा भारत एक है। हमारे विचार की पद्धति, कला की प्रस्तुति एवं संस्कृति के विभिन्न विषय आदि आपस में एक–दूसरे के साथ घुले–मिले हैं। हमारी संस्कृति के विभिन्न आयाम हैं और इसकी अनेक विशेषताएं हैं जो हमें आपस में जोड़ती हैं। हमारा दायित्व है कि हम इन्हें संजोए रखकर देश की एकता को मजबूत करें। क्योंकि, भारत की एकता में ही इसकी श्रेष्ठता है। जब–जब भारत एक होता है तब–तब यह श्रेष्ठ होता है। हमें इस भावना को प्रबल और सशक्त बनाना है।

राज्यपाल ने तेलंगाना दिवस के अवसर पर समस्त तेलंगानावासियों को बधाई दी तथा उनके सुख, समृद्धि और प्रगति की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने भारतमाता के चित्र पर माल्यार्पण भी किया।

कार्यक्रम को पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग की प्रधान सचिव डॉ० एन० विजयलक्ष्मी, सामान्य प्रशासन विभाग के प्रधान सचिव डॉ० बी० राजेन्दर एवं जनगणना निदेशक श्री एम० रामचन्द्रुडु ने भी संबोधित किया। इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, अपर पुलिस महानिदेशक श्री एम० आर० नाईक, बिहार में पदस्थापित तेलंगाना के पदाधिकारीगण एवं उनके परिजन, बिहार में रहकर पढ़ाई कर रहे तेलंगाना के विद्यार्थीगण तथा राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण एवं अन्य लोग उपस्थित थे।

....